# Script for Miking

# National Deworming Day 2019

# Script 1

दीनाः ''मुखियाजी हमरा मुन्ना खाता तो ठीक है, मगर इसके तन में ठीक से लगता नहीं है''

मुखियाजीः ''दीना, हो सकता है इसके आंत में कृमि (पेट के कीड़े) हो गए हों, इसको एल्बेंडाजॉल की दवाई देने की ज़रूरत है''। ''एल्बेंडाजॉल से आंत में कृमि खत्म हो जाते हैं जिससे बच्चों का उचित शारीरिक और मानसिक विकास होता है और बच्चे कुपोषित नहीं होते''।

दीनाः मुखियाजी, ई दवाई मिलेगी कहाँ?

मुखियाजी, ''29 अगस्त 2019 को सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों और स्कूलों में एल्बेंडाजॉल की दवाई 1 से 19 साल के बच्चों को निःषुल्क खिलाई जाएगी, और जो बच्चे किसी भी कारण से छूट गए है उन्हें यह दवाई मॉप–अप सप्ताह 30 अगस्त से 4 सितम्बर 2019 के दौरान खिलाई जाएगी''।

''पिछले साल भी सरकार के द्वारा उठाये गए इस पहल से बच्चों के स्वास्थ्य में काफ़ी सुधार हुआ है''।

दीनाः ''अच्छा!''।

मुखियाजीः ''हाँ, एल्बेंडाजॉल से कोई नुक्सान नहीं होता''।

वॉयसओवरः ''जी हाँ, 29 अगस्त को सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों और स्कूलों में, ''एल्बेंडाजॉल की दवाई निःशुल्क खिलाई जाएगी, जो बच्चे छूट गए है उनको यह दवाई मॉप–अप सप्ताह 30 अगस्त से 4 सितम्बर 2019 के दौरान खिलाई जाएगी''।

# Script for Miking
# National Deworming Day 2019
# Script 2

**गुड्डूः** चाचा, आंगनवाडी दीदी ने बताया की सभी बच्चों को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर कृमि नियंत्रण की दवाई खिलाई जाएगी पर मुझे वो दवाई नहीं खानी है

**चाचाः** क्या मैंने कभी तुम्हे अपने गाँव के सबसे बेहतरीन फुटबॉल खिलाड़ी राजू के बारे में बताया है? तुम्हारी उम्र से ही राजू को फुटबॉल खेलने का बहुत शौक था पर उसके आंत में कृमि हो गए थे जिसके कारण वो बहुत थका हुआ रहता था और वो अपने दोस्तों के साथ खेल नहीं पाता था।

**गुड्डूः** ''फिर राजू ने क्या किया चाचा''?

**चाचाः** कुछ नहीं, बस राजू ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर एल्बेंडाजॉल की दवाई खाई, और उसने कीड़ों को भगाया।

**गुड्डूः** ''सच''।

**चाचाः** '' हाँ, इसके बाद से राजू रोज फुटबॉल खेलता और उसे अपनी टीम का कप्तान भी बना दिया गया, इसलिए गुड्डू, जब तुम्हें भी आंगनवाड़ी या स्कूल में एल्बेंडाजॉल की दवाइ खिलाई जाए, तो जरूर खाना''।

**वॉयसओवरः** बच्चों का भविष्य तभी उज्ज्वल होगा, जब उनका स्वास्थ्य बेहतर होगा, इसलिए उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए, तथा उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए 29 अगस्त 2019 को सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों और स्कूलों में, ''एल्बेंडाजॉल की दवाई निःशुल्क खिलाई जाएगी, जो बच्चे छूट गए है उनको यह दवाई मॉप–अप सप्ताह 30 अगस्त से 4 सितम्बर 2019 के दौरान खिलाई जाएगी।